आईआईएफएल फाईनेंस ने पेश किया 2,000 करोड़ का पब्लिक बॉन्ड इश्यू, 9% तक सालाना रिटर्न का मौका

मुंबई। देश की प्रमुख एनबीएफसी, आईआईएफएल फाईनेंस लिमिटेड ने अपने रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) का पब्लिक इश्यू जारी किया है। यह इश्यू 17 फरवरी, 2026 से निवेश के लिए खुल चुका है और 4 मार्च, 2026 तक खुला रहेगा। कंपनी का लक्ष्य 500 करोड़ रुपये के बेस इश्यू और 1,500 करोड़ रुपये के ओवरसब्सक्रिप्शन विकल्प के साथ कुल 2,000 करोड़ रुपये जुटाना है।कंपनी इस पर 24, 36 और 60 महीनों की अवधि के लिए 9% तक का प्रभावी सालाना रिटर्न दे रही है। निवेशक अपनी सुविधा अनुसार मासिक, वार्षिक या मैच्योरिटी पर ब्याज का भुगतान चुन सकते हैं। निवेश की न्यूनतम सीमा 10,000 रुपये रखी गई है। सुरक्षा के लिहाज से क्राईसिल ने इसे 'AA/Stable' और ब्रिकवर्क ने 'AA+ (Stable)' रेटिंग दी है। 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी का कुल लोन एसेट (अवट) 98,336 करोड़ रुपये रहा, जबकि शुद्ध एनपीए महज 0.75% है। वित्तवर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में कंपनी ने 501.3 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है, जो पिछले साल के मुकाबले 514 अधिक है। यह फंड कंपनी के व्यवसाय विस्तार और पूंजी आधार को मजबूत करने में उपयोग किया जाएगा।